# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

''वित्त भवन'' जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (बी–503 / 92)(लिंक नं. 3902)अलेसे–।।/952 दिनांक :– 17-12-21

**आदेश**

विभागीय आदेश संख्या 25 / 2021–22 दिनांक 30.09.2021 द्वारा श्री बाबूलाल वर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति दूदू (जयपुर) का स्थानान्तरण / पदस्थापन मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, दूदू (जयपुर) में किया गया था।

विभागीय आदेश क्रमांक 470 / 2021–22 दिनांक 30.09.2021 द्वारा श्री शैलेन्द्र परेवा कनिष्ठ लेखाकार का पदस्थापन पंचायत समिति दूदू में श्री बाबूलाल वर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के स्थान पर किया गया था। श्री परेवा द्वारा दिनांक 12.10.2021 को पंचायत समिति दूदू में कार्यग्रहण के पश्चात् भी श्री वर्मा द्वारा उक्त आदेश की अनुपालना में आज दिनांक तक कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापन विभाग / कार्यालय में कार्यग्रहण नहीं किया गया है। अतः श्री बाबूलाल वर्मा को इस निदेशालय स्तर से आज दिनांक 17/12/21 को मध्यान्ह पश्चात् कार्यमुक्त किया जाकर निर्देश दिये जाते है कि वे तुरन्त अपने नवीन पदस्थापन विभाग / कार्यालय में कार्यग्रहण कर इस निदेशालय को सूचित करें।

श्री परेवा द्वारा कार्य ग्रहण करने के पश्चात् भी श्री वर्मा कार्यमुक्त नही हुए इस संबंध में श्री वर्मा तीन दिवस में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

निदेशक

क्रमांकः– एफ.3 (ख) (बी–503 / 92)(लिंक नं. 3902)अलेसे–।।/952 दिनांक :– 17-12-21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विकास अधिकारी, पंचायत समिति दूदू (जयपुर) ने श्री परेवा द्वारा कार्यग्रहण के पश्चात् भी सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के एक पद पर दो कार्मिकों को कार्यरत रखा एवं श्री वर्मा को स्थानान्तरण के पश्चात् भी कार्यमुक्त नही किया इस क्रम में स्पष्टीकरण / टिप्पणी प्रेषित करावें।
2. मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, दूदू (जयपुर)।
3. श्री बाबूलाल वर्मा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति दूदू (जयपुर) को निर्देशित किया जाता है कि कार्यग्रहण करते हुए अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस में प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी।
4. उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में Updation करने हेतु।
5. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. पदस्थापन सीट।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)